# <u>भारतेंदु नाट्य अकादमी, लखनऊ</u>

## (संस्कृति विभाग, उ० प्र० शासन )

द्वारा

## (उत्तर प्रदेश दिवस – 24 जनवरी, 2026)

के अवसर पर

## "भारतेंदु हरिश्चंद्र सम्मान" हेतु आवेदन आमंत्रित है ।

"ऐसे महानुभाव जो उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं तथा **जिन्होंने अपने व्यक्तिगत प्रयासों से नाट्य विधा के किसी भी क्षेत्र-विशेष में उल्लेखनीय कार्य सम्पादित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश का नाम गौरान्वित किया हो** और उन्हें उस विधा के क्षेत्र-विशेष में भारत सरकार अथवा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राष्ट्रीय अथवा प्रादेशिक सम्मान प्राप्त न हुआ हो तो ऐसे महानुभावों से "भारतेंदु हरिश्चंद्र सम्मान" हेतु नाट्य विधा के निम्नवत क्षेत्र-विशेष में आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है।"

**01) निर्देशन (DIRECTION)**
**02 ) अभिकल्पना (DESIGNING)**
**03) अभिनय (ACTING)**
**04) लेखन (WRITING)**

आवेदन-पत्र का प्रारूप अकादमी की वेबसाइट https://bnalko.in/ पर उपलब्ध है। निर्धारित प्रारूप पर भरे आवेदन-पत्र दिनांक 05 दिसंबर, 2025 को सायं 05 बजे तक निदेशक, भारतेंदु नाट्य अकादमी, विकास खंड-1/1 गोमतीनगर, लखनऊ उत्तर प्रदेश-226010 के पते पर पंजीकृत डाक अथवा ईमेल-bna.repertory@gmail.com पर अवश्य प्रेषित किये जा सकते हैं।

1. निर्धारित तिथि के भीतर प्राप्त सभी आवेदन पर विचार एवं उन आवेदन में सुयोग्य/सुपात्र का सम्मान हेतु चयन अकादमी द्वारा निर्धारित चयन समिति द्वारा किया जायेगा। यदि चयन-समिति को लगता है कि क्षेत्र-विशेष में कोई उपयुक्त महानुभाव नहीं है तो उस क्षेत्र-विशेष में पुरुस्कार की घोषणा नहीं की जाएगी।
2. प्रत्येक क्षेत्र-विशेष में सम्मान हेतु चयनित महानुभावों को रुपये 51,000/- (इक्यावन हज़ार रुपये मात्र) की राशि एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जायेगा।
3. नाट्य-विधा में भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा नियंत्रणाधीन अथवा स्वायत्तशासी अथवा मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय मानक स्तर पर स्थापित संस्थान/अकादमी/स्कूल/केंद्र तथा गत वर्ष भारतेंदु हरिश्चंद्र सम्मान से सम्मानित महानुभाव अपने क्षेत्र-विशेष से 05 नामों की संस्तुति अकादमी द्वारा निर्धारित प्रारूप पर भर कर प्रेषित कर सकते हैं।

(बिपिन कुमार)
निदेशक